श्री कृष्ण बलराम सेवा ट्रस्ट (SKBT)

(हिंगोनिया गौ  पुनर्वास केंद्र )

ग्राम – हिंगोनिया, तहसील – बस्सी, जिला- जयपुर (राजस्थान )-303012

**गेहू के भूसे एवं चावल की पराली की खरीदी हेतु विस्तृत नियम एवं शर्ते \ निविदा दस्तावेज**

**1. परिभाषये (Definitions)**

इस दस्तावेज के उद्देश्य  के लिए

- ट्रस्ट का अर्थ होगा श्री कृष्ण बलराम सेवा ट्रस्ट (SKBT)
- आपूर्तिकर्ता / बोलीदाता / ठेकेदार का अर्थ होगा वह व्यक्ति / संस्था जो बोली प्रस्तुत कर रहा है
- सामग्री का अर्थ होगा निर्धारित विनिदर्शो के अनुसार गेहू का भूसा / चावल की पराली
- अनुबंध का अर्थ होगा SKBT ओर सफल बोलीदाता के बीच निष्पादित ओपचारिक अनुबंध
- साइट का अर्थ होगा हिंगोनिया गौ  पुनर्वास केंद्र जयपुर

**2. आपूर्ति का दायरा (Scope of supply)**

आपूर्तिकर्ता को निविदा दस्तावेज मे उल्लिखित विनिदर्शो के अनुसार गेहू का भूसा / एवं चावल की पराली की आपूर्ति करना होगा , जिसमे निम्न शामिल है परंतु इन्ही तक सीमित नहीं :

- आकार : 1-1.5 इंच
- रंग : प्राकृतिक सुनहरा
- शुष्क पदार्थ : 90 % से आधिक
- फफूंदी, धूल , एवं अन्य बाहरी पदार्थो से मुक्त
- वर्तमान मौसम मे कटाई किया हुआ
- कुल आपूर्ति मात्रा (total supply quantity) : 15000 ton
- आपूर्ति अवधि (supply period) : 6 महीने (15 मई 2026 से 15 अक्टूबर)
- कुल मात्रा SKBT द्वारा जारी खरीद आदेश के अनुसार होगी ।

**3. डिलीवरी एवं निष्पादन शर्ते (Delivery & execution conditions)**

3.1 आपूर्तिकर्ता अपने खर्च एवं जिम्मेदारी पर ट्रालियों का दैनिक अनलोडिंग सुनिश्चित करेंगे ।

3.2 आपूर्ति का समय केवल कार्य दिवसों में प्रातः 6:00 से साय 6: 00 बजे तक का रहेगा ।

3.3 आपूर्ति करता SKBT द्वारा समय-समय पर दिए गए सभी संचालन निर्देशों का पालन करेगा ।

3.4 आपूर्ति SKBT के साथ से समन्वय में उपलब्ध भंडारण स्थान एवं खपत आवश्यकताओं के अनुसार ही की जाएगी।

3.5 पूरी आपूर्ति खरीद आदेश में निर्धारित समय अवधि के भीतर पूर्ण करनी होगी अन्यथा दंड लागू होगा ।

## 4. मूल्य निर्धारण (Pricing)

4.1 उद्धृत दरें हिंगोनिया गौशाला जयपुर FOR के आधार पर होगी, जिसमें निम्न शामिल होंगे :

- परिवहन
- तोल
- टोल टेक्स
- अनलोडिंग
- अन्य सभी आकस्मिक खर्च

4.2 अनुबंध अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की मूल्य वृद्धि स्वीकार नहीं होगी |

## 5. गुणवत्ता आश्वासन एवं निरीक्षण (Quality assurance & inspection)

5.1 आपूर्तिकर्ता कटाई, भंडारण,परिवहन एवं डिलीवरी के सभी चरणों में गुणवत्ता बनाए रखेगा ।

5.2 SKBT को डिलीवरी के समय सामग्री का निरीक्षण करने का अधिकार होगा ।

5.3 गुणवत्ता जांच एवं कटौती:

- सामग्री का निरीक्षण डिलीवरी के समय किया जाएगा ।
- गैर अनुरूप सामग्री को अस्वीकार कर दिया जाएगा और आपूर्तिकर्ता को अपने खर्च एवं जोखिम पर उसे बदलना होगा।
- गुणवत्ता में मामूली कमी होने पर SKBT को देय राशि में अधिकतम 20% तक कटौती करने का अधिकार होगा।

5.4 यदि किसी भी स्तर पर सामग्री अनुयुक्त पाई जाती है तो आपूर्तिकर्ता उसे तुरंत अपने खर्चे पर हटाकर उपयुक्त सामग्री से बदल देगा ।

**6. मात्रा में परिवर्तन (Quantity variation)**

6.1 मात्रा में परिवर्तन निम्न अनुसार अनुमति होगा :

- ऑर्डर के +/-10%

**7. परफॉर्मेंस सिक्योरिटी (Performance security)**

7.1 सफल बोलीदाता को कुल अनुबंध मूल्य का 2% सुरक्षा राशि जमा करनी होगी ।

7.2 यह DD / बैंक गारंटी / FDR के रूप में स्केबीज के पक्ष में जमा करनी होगी ।

7.3 अनुबंध उल्लंघन की स्थिति में अंतिम निर्णय SKBT का रहेगा ।

**8. भुगतान शर्तें (Payment terms)**

8.1 भुगतान केवल संतोष जनक आपूर्ति निरीक्षक एवं परीक्षण के बाद ही किया जाएगा ।

8.2 भुगतान ई पेमेंट माध्यम से किया जाएगा ।

8.3 सामग्री स्वीकृत की तिथि से 45 - 60 दिनों की क्रेडिट अवधि लागू होगी ।

8.4 आपूर्तिकर्ता को निम्न दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे :

- बिल (तीन प्रतियों में )
- डिलीवरी चालान
- खरीद आदेश संदर्भ
- बैंक/ PAN विवरण

8.5 आवश्यकता होने पर अधिकृत प्रयोगशाला परीक्षण के बाद ही आपूर्ति को संतोषजनक माना जाएगा ।

**9 . अनुबंध (Agreement)**

9.1 सफल बोली डाटा को SKBT के साथ कानूनी रूप से बाध्यकारी अनुबंध करना होगा ।

9.2 अनुबंध में शामिल होगा :

- प्रदर्शन दायित्व
- गुणवत्ता अनुपालन
- समाप्ति शर्तें

- क्षतिपूर्ति प्रावधान

9.3 अनुबंध के बिना आपूर्ति शुरू नहीं होगी ।

**10 समाप्ति क्लाज (Termination clause)**

10.1 SKBT निम्न स्थितियों में अनुबंध समाप्त कर सकता है:

- बार-बार गुणवत्ता विफलता
- आपूर्ति में देरी
- अनुबंध उल्लंघन
- कदाचार

10.2 समाप्ति पर :

- परफॉर्मेंस सिक्योरिटी जब्त होगी
- कोई मुआवजा देय नहीं होगा

**11 आपूर्तिकर्ता के दायित्व (Obligations of supplier)**

- केवल ताजा मौसमी भूसा आपूर्ति करना
- स्वच्छता एवं गुणवत्ता बनाए रखना
- सभी खर्च स्वयं वहन करना
- SKBT के निर्देशों का पालन करना

**12. जोखिम एवं जिम्मेदारी (Risk & responsibility)**

12.1 सामग्री डिलीवरी तक सभी जोखिम आपूर्तिकर्ता के होंगे ।

12.2 डिलीवरी से पहले किसी भी नुकसान की जिम्मेदारी आपूर्तिकर्ता की होगी ।

**13. विवाद समाधान एवं क्षेत्राधिकार (Dispute resolution & jurisdiction)**

13.1 सभी विवाद केवल जयपुर न्यायालय के क्षेत्राधिकार में होंगे ।

13.2 पहले आपसी समाधान का प्रयास किया जाएगा ।

**14. ट्रस्ट के अधिकार (Rights of the trust)**

14.1 SKBT को पूर्ण अधिकार है :

- किसी भी या सभी बोलियां को स्वीकार /अस्वीकार करने का
- निविदा रद्द करने का
- मात्रा या दायरा बदलने का
  बिना कारण बताएं और बिना देनदारी के

**15. सामान्य शर्तें (General condition)**

- समय अनुबंध का महत्वपूर्ण भाग होगा
- सभी वैधानिक अनुपालन आपूर्ति करता की जिम्मेदारी होगी
- अस्पष्टता की व्याख्या SKBT के पक्ष में होगी
- यह दस्तावेज अनुबंध का अभिन्न हिस्सा होगा

**16. घोषणा (Declaration)**

बोली डाटा पुष्टि करता है कि :

- सभी शर्तें पड़ी समझी और स्वीकार की गई है
- बिना किसी विचलन के पालन किया जाएगा

**17. पात्रता मानदंड (Eligibility criteria)**

17.1 टर्नओवर शर्तें:

- बोलीदाता को वार्षिक टर्नओवर की जानकारी साझा करनी होगी ।

17.2 अनुभव शर्तें:

- समान उत्पादन (गेहूं भूसा एवं चावल की पराली)की आपूर्ति का अनुभव का प्रमाण भी देना होगा। साथ ही निम्न में चारे की आपूर्ति का अनुभव होना चाहिए।
- सरकारी / अर्ध सरकारी संस्थाएं
- सरकारी वित्तपोषित गौशालाएं
- पब्लिक ट्रस्ट द्वारा संचालित गौशालाएं